BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

ब्रैम्पटन में स्पोर्ट्स डे फिर आ रहा है

सिटी, युवाओं को स्पोर्ट्स आजमाने का अवसर देने के लिए ब्रैम्पटन स्पोर्ट अलाइंस के साथ साझेदारी कर रही है, सीजन के लिए रजिस्टर करें

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (14 फरवरी, 2023) – भविष्य के सभी एथलीटों को आमंत्रित किया जा रहा है!

ब्रैम्पटन स्पोर्ट अलाइंस (Brampton Sport Alliance) के साथ साझेदारी में, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, एक बार फिर, शनिवार, 25 फरवरी को सेव मैक्स स्पोर्ट्स सेंटर (Save Max Sports Centre) में, ब्रैम्पटन में स्पोर्ट्स डे (Sports Day in Brampton) का आयोजन कर रही है।

यह प्रमुख कार्यक्रम, युवाओं को साइट पर विभिन्न प्रकार के खेलों को आजमाने का अवसर प्रदान करता है, यह देखने के लिए कि कौन-सा खेल उनके लिए सबसे उपयुक्त है। वे प्रोग्राम लीडरों से जुड़ और आने वाले सीजन के लिए रजिस्टर भी कर सकते हैं।

लगभग एक दर्जन स्पोर्ट्स ग्रुप इसमें शामिल होंगे, जो वसंत और गर्मी के खेलों के लिए जानकारी और डेमो पेश करेंगे, जैसे बेसबॉल, लैकरोस, सॉकर, ट्रैक एंड फील्ड, हॉकी, फुटबॉल और बास्केटबॉल। हर उम्र और सभी कौशल लेवलों वाले व्यक्तियों का स्वागत है।

शामिल होने वालों को पासपोर्ट दिया जाएगा और उनके द्वारा आजमाए जाने वाले हर खेल के लिए मोहरें (स्टैंप्स) एकत्र करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। तीन या अधिक मोहरें एकत्र करने वाले, इनाम जीतने के लिए एक ड्रा में शामिल होंगे। ब्रैम्पटन में स्पोर्ट्स डे, एक मुफ्त कम्युनिटी कार्यक्रम है और इसके लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी नहीं है।

यह तारीख याद रखें

ब्रैम्पटन में स्पोर्ट्स डे

शनिवार, 25 फरवरी, सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक

सेव मैक्स स्पोर्ट्स सेंटर

1495 Sandalwood Pkwy E
Brampton, ON
L6R 0K2

हवाले

“यह खेल से ज्यादा अन्य कई चीजों के बारे में है। हमें पता है कि टीम का हिस्सा होना, स्थिरता देता है, अपनेपन की भावना पैदा करता है और जीवन संबंधी जरूरी कौशल सिखाता है। यह, सभी के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित कम्युनिटी बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम ब्रैम्पटन में स्पोर्ट्स डे में अधिक से अधिक लोगों को देखने के लिए उत्साहित हैं क्योंकि हमें आशा है कि आप, नए अवसरों और दोस्तों के साथ, एक नया पसंदीदा शौक जरूर पाएंगे।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“युवाओं को नए जोश के साथ जोड़ना, हमारे शहर के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। हम सफलता के अवसर पैदा करने को लेकर जोश से भरपूर हैं और यह कार्यक्रम वही प्रदान करता है। यह संबंध जोड़ने और कम्युनिटी की भावना के बारे में है, साथ ही युवाओं को सीखने और विकसित होने के लिए सुरक्षित जगह प्रदान करता है।”

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज*

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कई लेवलों पर गतिविधियां प्रदान करने का प्रयास करती है। हम हमारे निवासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई विकल्प प्रदान करते हैं और स्वस्थ तथा सुरक्षित कम्युनिटीज बनाने के लिए मेहनत से काम करते हैं। रुकावट मुक्त, भागीदारी वाला वातावरण पैदा करने के लिए हमारी टीम का धन्यवाद, जो युवाओं को हिस्सा लेने और किसी बड़ी चीज का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करता है।”

- *मार्लोन कैलीडीन (Marlon Kallideen), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca